तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026



14 सामूहिक कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से ...





14 बासनवाही में हायरसेकंडरी स्कूल भवन व चिकित्सालय...






## खबर संक्षेप

### हादसा: बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत करमोती जा रहें बाइक सवार का सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक लिलधर रावटे 29 नवंबर को रात में नरसु नाग के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 9350 में अपने दोस्त उमेश अतकारी के साथ ग्राम करमोती डीजे डॉस देखने जा रहे थे। मोटर सायकल को लिलधर रावटे चला रहा था। लिलधर रावटे द्वारा स्वंय मोटर सायकल को तेजगति व लापरवाही पूर्वक उपेक्षापूर्ण चलाते हुए रोड किनारे लगे रेलिंग को ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से लिलधर रावटे का मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक लीलाधर रावटे के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत हल्बा चौकी क्षेत्र के डूमरपानी निवासी 38 वर्षीय भूवनेश्वर नेताम पिता चरण सिंह का हतय गति रूक जाने से 14 जनवरी को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का मौत हृदय गति रूक जाने से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नि:शुल्क कंप्यूटर कोर्स के लिए पंजीयन 19 तक

**कांकेर।** एंबीशन ग्रुप का वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के 12 वीं पास शिक्षित- बेरोजगार, विधवा, तलाकशुदा एवं गृहणी महिलाओं के लिए 30 दिवसीय का निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स कराया जा रहा हैं। प्रशिक्षण के दौरान इन सभी महिलाओं को माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 2010 के एमएस वर्ड, पावरप्वाइंट एवं एक्सेल, इंटरनेट, हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर के साथ-साथ हिंदी व इंग्लिश टाइपिंग भी सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाना है ताकि अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर अपने पैरों पर खड़ा हो सके। पंजीयन 10 फरवरी से 19 फरवरी तक होगी। 20 फरवरी से एंबीशन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन अन्नपूर्णापारा कांकेर स्थित ब्रांच में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### धनवाफूलचूर में दो दिवसीय वार्षिक देव मेला 14 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदुम के आश्रित ग्राम धनवाफूलचूर में वार्षिक देव मेला का आयोजन इस वर्ष भी परंपरागत रूप से दो दिवसीय किया जा रहा है। यह आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को संपन्न होगा। मेले को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है तथा ग्रामवासी तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्राम पंचायत गुदुम की सरपंच राम कुमारी पूड़ो, सचिव जगदेव पांडे, बृजलाल पुडो, सतनारायण जैन, राजकुमार जैन, सुरेन्द्र जैन, धनेश तुलवी, बिरझू पुड़ों एवं संतोष कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईश्वर कृपा से वार्षिक देव मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में आसपास के ग्रामों के गायता, पटेल, देवी-देवता, ग्रामीणजन तथा व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन के दौरान देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की जाएगी। मेले में परंपरा अनुसार धार्मिक अनुष्ठान, पूजा, परिक्रमा एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न होंगे। वहीं मेले में व्यापारियों द्वारा दुकानें लगाए जाने की भी तैयारी की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं, शेष पेज 12 पर

## दबिश : खनिज अधिकारी ने कहा कि अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई जारी रहेगी

# रेत के अवैध उत्खनन में लगे दो ट्रैक्टर व एक लोडर जब्त, खनिज विभाग ने टहकापार में शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि प्राकृतिक संसाधनों की लूट किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टहकापार क्षेत्र में लंबे समय से चल रही अवैध रेत खनन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां दो ट्रैक्टर और एक लोडर को अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, वहीं अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में दहशत का माहौल है।

- टहकापार में अवैध बिजली कनेक्शन का हो रहा था उपयोग

जानकारी के अनुसार टहकापार गांव से महानदी गुजरती है, परंतु इस गांव में किसी भी तरह का रेत निकालने के लिए विभाग के द्वारा न तो ग्राम पंचायत ने अनुमति लिया है और न ही निविदा के माध्यम से किसी को कार्य करने की परमीशन दिया है। इस खदान से अवैध उत्खनन करने वालों ने जब गांव वालो को ही धमकी देने लगे, इस पर गांव के लोग आग बबूला हो गए और विरोध करने लगे। हरिभूमि में प्रमुखता से खबर प्रकाशन के बाद खनिज विभाग हरकत में आया। एक टीम मंगलवार 10 फरवरी को मौके पर पहुँची थी, परंतु उसी क्षेत्र में गमी होने के कारण कार्यवाही करने टीम उस शेष पेज 12 पर



### किसी को बख्शा नहीं जाएगा

खनिज अधिकारी सनत साहू ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि अवैध रेत उत्खनन या परिवहन में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में टहकापार सहित जिले के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भी विशेष अभियान चलाकर सघन जांच की जाएगी। फिलहाल टहकापार क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन को लेकर जांच जारी है। इससे न केवल कानून का भय स्थापित होगा, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में भी यह कदम अहम साबित होगा।



### ग्रामीणों की शिकायत के बाद बढ़ा विवाद

ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत कई बार प्रशासन से की गई थी, जिसमें बताया गया था कि रात के अंधेरे में भारी वाहनों के माध्यम से रेत की तस्करी की जा रही है, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि शासन को भी राजस्व की भारी क्षति हो रही है। शिकायतों के आधार पर प्रशासन ने गोपनीय तरीके से निगरानी शुरू की और पुख्ता सूचना मिलते ही कार्रवाई को अंजाम दिया।

### दो ट्रैक्टर व एक लोडर पर की गई कार्रवाई

शिकायत की जाँच के लिए चारामा क्षेत्र में पहुँची खनिज विभाग की टीम टहकापार में अवैध उत्खन की जाँच कर रही है, इसके अलावा सिरसिदा क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर और एक लोडर को रोका गया। जांच में पाया गया कि संबंधित वाहनों के पास न तो खनन की अनुमति थी और न ही रेत परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तीनों वाहनों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया और संबंधित थाने में खड़ा कराया गया। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि यह रेत अवैध रूप से नदी क्षेत्र से निकाली गई थी। विभाग द्वारा जब्त वाहनों के मालिकों और चालकों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# अंचल में आम के पेड़ों में आए भरपूर बौर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही दुर्गुकोंदल अंचल में इस बार फलों के राजा आम के पेड़ों में भरपूर मात्रा में बौर दिखाई देने लगा है। गांव-गांव में आम के बगीचों एवं पेड़ों में बौर की अच्छी आवक होने से किसानों और बागवानों में खुशी का माहौल है। वहीं मौसम भी इस बार अनुकूल बना हुआ है, जिससे यह उम्मीद की जा रही है कि यदि मौसम इसी प्रकार साथ देता रहा, तो इस वर्ष आम की फसल अच्छी होने के प्रबल आसार हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आम के पेड़ों में बौर आने के बाद अब किसानों की नजर मौसम और कीट-रोग पर टिकी हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बौर के समय तापमान, हवा, नमी और कीटों का प्रभाव आम की उपज पर सीधा असर डालता है। यदि शेष पेज 12 पर



- मौसम अनुकूल तो अच्छी होगी आम की फसल

# मोबाइल टॉवर में लगी बैटरी को अज्ञात ने किया पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत मोबाइल नेटवर्क टॉवर से लाखों रुपये की बैटरियां चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना ने न केवल टेलीकॉम कंपनी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह की आशंका को भी बल दिया है। एरिया सुपरवाइजर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

- सुपरवाइजर ने थाना में की शिकायत

पुलिस को दी गई शिकायत में उड़ीसा के जमुना कोट निवासी 33 वर्षीय बुधदेव ओझा पिता प्रेमानंद ओझा ने बताया कि वह वर्तमान में बांदे में रहकर जियो कंपनी के नेटवर्क टावर में एरिया सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पूर्व ही उनकी नियुक्ति हुई है। 15 जनवरी को वे नियमित जांच के लिए संबंधित टावर पहुंचे, जहां उन्हें बैटरी गायब मिली। जांच के दौरान सामने आया कि टावर में लगे बरला कंपनी के 600 एएच क्षमता वाले बैटरी बैंक के चार सेट में से तीन बैटरी बैंक चोरी हो चुके थे। जब उन्होंने गहनता से जांच की तो कुल 72 बैटरियां गायब पाई गईं। प्रत्येक



600 एएच के एक बैटरी बैंक में 24 बैटरियां होती हैं। चोरी हुए तीन बैटरी बैंक की कुल कीमत लगभग 5 लाख 16 हजार रुपए है। शिकायतकर्ता के अनुसार यह चोरी किसी योजनाबद्ध तरीके से की गई प्रतीत होती है, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में बैटरियों को बिना जानकारी और उपकरणों के हटाना आसान नहीं है। उन्होंने आशंका जताई कि अज्ञात आरोपियों ने सुनसान समय का फायदा उठाकर इस वारदात को अंजाम दिया।

शिकायत के आधार पर थाना छोटेबेठीया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ भी की जा रही है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त वाहन सवार युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

छोटेबेठिया थानांतर्गत धान से भरे ट्रैक्टर के पटल जाने से वाहन में सवार युवक को मौत हो गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 10 दिसंबर 2025 की शाम अनिल कुजूर पीव्ही 93 सिरपुर से ट्रॉली में भरे धान को सोसायटी में पहुंचाने के लिए ट्रॉली लेने मुण्डी की ओर जा रहा था। शाम लगभग साढ़े 7 बजे जब वह सुनील तिर्की के घर के पास मुख्य मार्ग पर पहुंचा, तभी ट्रैक्टर को

- बिजली खंभा तोड़ते हुए झाड़ियों में घुसा वाहन



तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे लगे बिजली खंभे से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली खंभा टूट गया और वाहन चार पेड़ों को पार करते हुए झाड़ियों में जा घुसा। दुर्घटना में अनिल कुजूर के सिर, चेहरे, सीने एवं पैर में गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। परिजनों द्वारा तत्काल उसे पखांजूर सिविल शेष पेज 12 पर

# विद्यार्थियों के लिए विशेष मोटिवेशनल कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

बोर्ड परीक्षा की चुनौती को अवसर में बदलने और विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का भय दूर कर आत्मविश्वास की लौ जलाने के उद्देश्य से शिक्षा सत्र 2025-26 के अंतर्गत एक विशेष मोटिवेशनल अभिप्रेरणा कार्यशाला सह परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रेरक आयोजन आज बुधवार, 11 फरवरी को प्रातः 11 बजे से पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय, कांकेर में होगा, जहां जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशासनिक अधिकारियों का मार्गदर्शन और प्रेरणा प्राप्त होगी।

- बोर्ड परीक्षा की राह होगी आसान
- 85 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राएं होंगे शामिल

शिक्षा सत्र 2025-26 के अंतर्गत बोर्ड परीक्षा की तैयारी को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से मुक्त कर आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा विभाग द्वारा एक विशेष शेष पेज 12 पर




### 85 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र होंगे शामिल

कार्यशाला में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को शामिल किए जाने के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन जिले के अनेक विद्यालयों में इस श्रेणी के विद्यार्थियों की संख्या सीमित होने के कारण मानदंड में शिथिलता दी गई है। अब जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों से 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को इस मोटिवेशनल कार्यशाला में सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

# पीएम ग्राम सड़क योजना में भ्रष्टाचार की परतें उजागर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जिसका उद्देश्य ग्रामीण अंचलों को मजबूत और टिकाऊ सड़कों से जोड़ना है, भानुप्रतापपुर पीएमजीएसवाय के क्षेत्र में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। शासन द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से बन रही सड़कें अपनी तय उम्र पूरी करना तो दूर, निर्माण के साथ ही उखड़ने लगी हैं। घटिया निर्माण सामग्री और तकनीकी मानकों की खुली अनदेखी ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। विदित हो कि शिवसेना नेता चैनूराम सिवाना ने शेष पेज 12 पर



### कांग्रेस का तीखा जुबानी वार

इस मामले में कांग्रेस नेता पंकज राज वाधवानी ने भी तीखा रुख अपनाते हुए दुर्गूकोंदल-कोदापाखा मार्ग के निर्माण को केवल कागजी खानापूर्ति करार दिया। उन्होंने मांग किया कि उक्त मार्ग के निर्माण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदारों एवं लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो तथा निर्माण कार्य को तत्काल सुधार कर मानकों के अनुरूप पूरा कराया जाए। सड़कों की बदहाली को लेकर अब राजनीतिक दलों ने प्रशासन को अंतिम चेतावनी दे दी है। में सुधार नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। ग्रामीणों के हितों से खिलवाड़ बंद नहीं हुआ, तो पार्टी सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण विकास की रीढ़ मानी जाती है, लेकिन भानुप्रतापपुर में अधिकारियों और ठेकेदारों की कथित मिलीभगत इस योजना के मूल उद्देश्य पर ही सवाल खड़े कर रही है।

# खुलेआम जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को पुलिस ने दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

थाना अंतागढ़ पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ताश के पत्तों पर रुपएं-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 हजार 190 रुपएं नगद, 52 ताश के पत्ते, 6 मोटर सायकल और 7 एंड्रॉइड मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

- 5 हजार से अधिक नकदी व वाहन वरामद

अंतागढ़ पुलिस को 9 फरवरी को मुखबिर से जानकारी मिली कि देवनीडीकरी मंदिर अंतागढ़ के किनारे खुली आम जगह में कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया गया। कार्यवाही के दौरान अंतागढ़ निवासी 46 वर्षीय अरविंद आंतरम पिता स्व. हेमराज आंतरम, देहारीपारा अंतागढ़ निवासी 50 वर्षीय फिरोज खान पिता सरदार खान, गढ़पारा अंतागढ़ निवासी 55 वर्षीय खलील अहमद पिता अब्दुल हलील खान, नयापारा अंतागढ़ निवासी 45 वर्षीय मेघ बहादुर पिता स्व. लक्ष्मण सिंह राणा, अंतागढ़ निवासी 57 वर्षीय मिस्त्री लाल गुप्ता पिता कोसी प्रसाद गुप्ता, ऊपरपारा अंतागढ़ निवासी 57 वर्षीय मृणाल कर्मकार पिता स्व. गुरुचरण कर्मकार, मद्रासीपारा अंतागढ़ निवासी 44 वर्षीय रमेश माली पित्ता स्व. भारत सिंह माली, ऊपरपारा अंतागढ़ निवासी 38 वर्षीय जोहरू मंडावी पिता स्व. बंशीलाल मंडावी और गढ़पारा अंतागढ़ निवासी 72 वर्षीय जहांगीर खान पिता स्व. दिलावर खान को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 5 हजार 190 रूपएं, ताश के 52 पत्ते, 6 नग मोटर सायकल एवं 7 नग एंड्राइड मोबाइल जब्त किया गया। आरोपियो के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई। पूरी कार्यवाही में निरीक्षक रमेश जायसवाल थाना प्रभारी अंतागढ़, उनि आलोक सुबोध, प्रधान आरक्षक अजेन्द्र नरेटी, नरेश मांझी, रोशन नेताम, आरक्षक दिलीप कोरेटी, रंजीत ठाकुर, महेश यादव, जितेन्द्र नेताम, डीएसएफ आरक्षक शंभु उसेंडी का विशेष योगदान रहा।

## कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ ने कथा स्थल पहुंचकर लिया आशीर्वाद

# परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ हुआ समापन, भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

कांकेर के एकता नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति रस और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब जायसवाल परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। सात दिनों तक चली इस दिव्य कथा ने श्रद्धालुओं के मन-मस्तिष्क को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से सराबोर कर दिया। अंतिम दिन गुरु महिमा, परीक्षित मोक्ष और जीवन के गूढ़ रहस्यों पर आधारित प्रवचन ने श्रोताओं को आत्मचिंतन की ओर प्रेरित किया।

- अमरकंटक से आए कथावाचक ने बताया, गुरु का महत्व

एकता नगर में जायसवाल परिवार के तत्वावधान में 3 फरवरी से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार 10 फरवरी को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस में डूबकर भजनों पर झूमते नजर आए। वातावरण पूरी तरह कृष्णमय हो गया। कथा के अंतिम दिवस अमरकंटक क्षेत्र के डिंडौरी आश्रम से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज शेष पेज 12 पर



### प्रशासनिक और धार्मिक हस्तियों की उपस्थिति

समापन अवसर पर कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी कथा स्थल पहुंचे और कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया, इसके साथ ही तुलसी वर्षा में शामिल हुए। इस अवसर पर स्थानीय कथावाचक देवव्रत शास्त्री और पंडित आकाश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### घर में भागवत पाठ से होता है कल्याण

कथावाचक ने भागवत की महिमा बताते हुए कहा कि प्रत्येक घर में श्रीमद् भागवत का पाठ और पूजन होना चाहिए। जो लोग कथा का आयोजन नहीं कर सकते, उन्हें भी कम से कम कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए, क्योंकि भागवत कथा जीवन को दिशा देती है। जीवन में सांसारिक कर्तव्यों के साथ-साथ साधना को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। समाज के लिए सकारात्मक और कल्याणकारी कार्य करना ही सच्ची भक्ति है।

### भजन, हवन और भंडारे के साथ समापन

अंतिम दिन 10 फरवरी की सुबह 10 बजे से कथा प्रारंभ हुई। समापन के बाद श्रद्धालुओं ने भजनों पर उत्साहपूर्वक सहभागिता लिया। इसके पश्चात तुलसी वर्षा, हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

खबर संक्षेप

## मोबाइल शिविर में 55 श्रमिकों का हुआ पंजीयन



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिला कोण्डागांव में निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के पंजीयन, नवीनीकरण तथा विभागीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत मैनपुर में मोबाइल पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कोण्डागांव द्वारा किया गया, जिसमें कुल 55 श्रमिकों का पंजीयन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रमिकों ने सहभागिता की। शिविर के दौरान श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने योजनाओं की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में श्रमिकों को अवगत कराया। श्रमिकों को नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।अधिकारियों ने श्रमिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में श्रम पंजीयन कराकर शासन की योजनाओं का लाभ लें, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## 12 वीं के विद्यार्थियों को समारोह में दी गई विदाई



**कोण्डागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूलमुला में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पूर्व विदाई समारोह का आयोजन गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार सोनपिपरे ने परीक्षा पर चर्चा विषय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि परीक्षा की तैयारी तनावमुक्त होकर, सकारात्मक सोच और नियमित अध्ययन के साथ कैसे की जाए। उनके मार्गदर्शन को विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक सुना। विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए जिससे वातावरण भावुक हो गया। बच्चों की बातों से शिक्षकों को गर्व और संतोष की अनुभूति हुई। यह क्षण विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए स्मरणीय रहा। इसी दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ प्रधान का विद्यालय आगमन हुआ। सभी विद्यार्थियों ने खड़े होकर उनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया। उनके आगमन से कार्यक्रम और भी गरिमामय हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय से विदा लेना भावुक भी है। भविष्य के लिए शुभ संकेत भी आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करें विद्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें अपने छोटे भाई–बहनों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करें उन्होंने विद्यार्थियों को शत–प्रतिशत परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों पर किया गया फोकस

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध पूर्णता एवं जनहितकारी परिणाम सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने नियद नेल्लानार क्षेत्रों में सैचुरेशन शिविरों के आयोजन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ग्रामीणों को आधार कार्ड, राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज एक ही स्थान पर सरलता एवं त्वरित रूप से उपलब्ध कराए जाएं ताकि वे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त कर सकें।

# बस्तर पंडुम में कोंडागांव के कलाकारों ने वाद्य यंत्रों की मनमोहक प्रस्तुति से मोहा सबका मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जनजातीय संस्कृतियों और परंपराओं से सजे संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम का भव्य समापन आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बस्तर अंचल की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपराओं का मनोहारी प्रदर्शन विभिन्न जिलों से आए कलाकारों द्वारा किया गया।

कोंडागांव जिले के केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम कलेपाल के रजऊ मंडावी एवं उनके साथियों ने वाद्य यंत्रों के प्रदर्शन में उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। वहीं आंचलिक साहित्य प्रदर्शन में उत्तम नाईक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। समापन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को चेक एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### वत्र एवं आंचलिक साहित्य प्रदर्शन में कोंडागांव जिला प्रथम

#### जनजातीय कला और संस्कृति के संरक्षण की सशक्त पहल

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित बस्तर पंडुम जनजातीय कला, संस्कृति, लोकनृत्य, गीत और संगीत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोजन न केवल विलुप्त होती लोककलाओं को संरक्षित कर रहा है, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी बन रहा है।



#### युवाओं में बढ़ रहा सांस्कृतिक गर्व

इस मंच के माध्यम से युवाओं में अपनी परंपराओं के प्रति गौरव और आत्मसम्मान की भावना विकसित हो रही है। अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने और उन्हें पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने की दिशा में यह आयोजन मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### 19 पारंपरिक वाद्य यंत्रों से दी अद्भुत प्रस्तुति

बस्तर पंडुम के मंच पर रजऊ मंडावी एवं उनके साथियों ने मांदर, कोटोडका, मोहिर, निशान, ढोल सहित लगभग 19 पारंपरिक वाद्य यंत्रों से बस्तर की लोकसंगीत परंपरा की जीवंत और मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### बच्चों के शैक्षणिक स्तर का किया मूल्यांकन

# दुर्गुकोंदल के सुदूर अंचल की प्राथमिक शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल विकासखंड के अत्यंत सुदूरवर्ती एवं दुर्गम अंचल में स्थित दो प्राथमिक शालाओं प्राथमिक शाला ओडाहूर और प्राथमिक शाला गरदा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण दल का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार डे ने किया। उनके साथ सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी और संकुल प्राचार्य हीरानंद कोठारी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण दल ने प्राथमिक शाला ओडाहूर का अवलोकन किया। यहाँ सहायक शिक्षक सुरेन्द्र नेताम नियमित रूप से उपस्थित पाए गए और वे स्कूल में सक्रिय रूप से कार्यरत थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बच्चों के शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन किया। उन्होंने बच्चों से पहाड़ा सुनने के साथ-साथ सामान्य ज्ञान के कई प्रश्न पूछे। बच्चों द्वारा दिए गए सही और आत्मविश्वास भरे उत्तरों से अधिकारीगण संतुष्ट हुए। उन्होंने शिक्षक को स्पष्ट निर्देश दिए कि हमर लक्ष्य कार्यक्रम की जानकारी हर बच्चे, अभिभावक और गाँववासियों तक व्यापक रूप से पहुँचाई जाए और साथ ही आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों की अच्छी तैयारी कराई जाए। शाला में रखे जाने वाले सभी प्रकार के रजिस्टरों और पंजियों का नियमित, पूर्ण और व्यवस्थित संधारण किया जाए। छात्रवृत्ति से संबंधित सभी लंबित कार्यों को अत्यंत शीघ्रता से पूर्ण करने के भी सख्त निर्देश दिए गए।

इसके बाद जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझावों के आधार पर निरीक्षण दल प्राथमिक शाला गरदा पहुँचा। यहाँ वर्तमान स्थिति यह पाई गई कि शाला में केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं प्रधान पाठक बृजलाल टेकाम और सहायक शिक्षक दीपक टांडिया, जिसमें प्रधान पाठक बृजलाल टेकाम उपस्थित एवं कार्यरत पाए गए किन्तु सहायक शिक्षक दीपक टांडिया उक्त दिवस पर बिना अवकाश एवं सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कार्यवाही के लिए अनुशंसा की जाएगी। वर्तमान में इस शाला में मात्र एक बालिका ही द्वितीय कक्षा में अध्ययनरत है। विकासखंड में शिक्षकों की कुल संख्या और आवश्यकता के बीच मौजूद अंतर को ध्यान में रखते हुए तथा शाला में विद्यार्थियों की अत्यंत कम संख्या को देखते हुए, सभी पक्षों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। इस चर्चा में यह सर्वसम्मति से विचार किया गया कि आगामी शैक्षणिक सत्र में इस एकमात्र अध्ययनरत बालिका का नामांकन कन्या आश्रम में कराया जाए, ताकि उसे बेहतर शैक्षिक सुविधाएँ और सुरक्षित वातावरण मिल सके और साथ ही प्राथमिक शाला गरदा को बंद करने के संबंध में एक औपचारिक प्रस्ताव उच्च शिक्षा कार्यालय को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। यह निरीक्षण सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों की नियमितता और उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग की जाँच के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। अधिकारियों ने दोनों शालाओं की समग्र स्थिति से संतोष व्यक्त किया और भविष्य में और बेहतर परिणामों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बीएसएफ 178 वीं बटालियन से 20 सदस्यीय आदिवासी युवा दल वाराणसी रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने तथा आदिवासी युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराने के उद्देश्य से सीमा सुरक्षा बल की 178वीं बटालियन द्वारा 17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत 20 सदस्यीय आदिवासी युवा दल को मंगलवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी के लिए रवाना किया गया।
दुर्गुकोंदल एवं कोयलीबेड़ा विकासखंड से चयनित 10 युवक एवं 10 युवतियाँ शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों के युवाओं को देश की मुख्यधारा से जोड़ना, उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा राष्ट्रीय एकता, आपसी सद्भाव एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। जानकारी के अनुसार आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी युवा देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक स्थलों एवं सामाजिक गतिविधियों का भ्रमण करेंगे। इस माध्यम से उन्हें भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रगति को निकट से देखने और समझने का अवसर प्राप्त होगा और साथ ही वे अन्य राज्यों की परंपराओं, संस्कृति एवं जीवनशैली से भी परिचित होंगे। दल के प्रस्थान से पूर्व 178वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट जेआर कुजूर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में आत्मविश्वास, नवीन सोच एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे भ्रमण के दौरान अनुशासन बनाए रखें, नई चीजें सीखें तथा अपने अनुभवों को अपने क्षेत्र के अन्य युवाओं के साथ साझा करें।

### विविधता हमारी सबसे बड़ी ताकतः कार्यवाहक कमांडेंट

कार्यवाहक कमांडेंट ने राष्ट्रीय एकीकरण एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत विविधताओं का देश है और यही विविधता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसके पश्चात कार्यवाहक कमांडेंट द्वारा दल को विधिवत झंडी दिखाकर वाराणसी के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर शैलेन्द्र शर्मा सेकेंड-इन-कमांड, नागमणि सिंह डीसी, डॉ. अंकित कुमार एसी-एमओ सहित बटालियन के अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम आदिवासी युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है।

# देश व प्रदेश के गांवों की तस्वीर बदल देगी विकसित भारत जीरामजी योजना : नायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत लोहत्तर के आश्रित ग्राम सोनादई में विकसित भारत ग्राम संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को प्रेरित करने के लिए रंगोली बनाया गया।

इस अवसर पर जनपद सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि यह योजना मजदूर और किसान दोनों के लिए लाभकारी जो देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन ग्रामीण अर्थात वीबी जीरामजी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। अब कृषि श्रमिक भी उपलब्ध हो सकेंगे, आजीविका के स्थायी स्रोत विकसित किए जाएंगे, ग्रामीण कौशल और उद्यमिता में भी होगी वृद्धि बेरोजगारी भत्ता देना होगा, विलम्बित मजदूरी के रूप में श्रमिकों को मिलेगी अतिरिक्त राशि विकसित भारत जी-राम-जी योजना में जवाबदेहिता और पारदर्शिता पर है पूरा जोर को देखकर लागु किया जा रहा है। हर हाथ को काम मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। मनरेगा अधिनियम में रोजगार की यह गारंटी मात्र 100 दिन की थी कि वीबी जी-राम-जी योजना देश के सभी गांवों की तस्वीर बदल देगी है। इस अधिनियम में राज्यों को एक वित्त वर्ष में कुल 60 दिन की अवधि अधिसूचित करने का प्रावधान किया गया है, बीज बुवाई एवं फसल कटाई की व्यस्ततम समयावधि को भी रोजगार उपलब्ध कराने की अवधि में शामिल किया जा सकेगा।

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर सरपंच बसंती भालेश्वर, उपसरपंच गोविन्द दीवान, वार्ड पंच रुपेश दीवान, रोजगार सहायक सचिव पूनम देहारी, मन्नू दीवान, बाबूलाल नायक, जेठू मंडावी, धर्मेन्द्र ठाकुर, आशीष दीवान, फत्तेसिंह दीवान, मुकेश दीवान, मनटोरा ठाकुर, सिताबाई राना, भगवन्तिन दीवान, मनिला ठाकुर, सुनबाई देहारी, कँचन दीवान सहित मेट और ग्रामीण उपस्थित रहे।*

# मेरा युवा भारत ने आयोजित की जिला स्तरीय खेल स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



मेरा युवा भारत कांकेर द्वारा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इससे पूर्व जिले के चार विकासखंडों कांकेर, चारामा, नरहरपुर एवं भानुप्रतापपुर में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसमें कई युवाओं ने सहभागिता की। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयनित प्रतिभागियों ने जिला स्तर पर पहुंचकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे जिले से 160 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं और ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने मेरा युवा भारत द्वारा जिले में निरंतर किए जा रहे। खेल एवं युवा गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करते हैं। जनपद सदस्य शिल्पा साहू ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाते हैं और भविष्य में जिले एवं राज्य का नाम रोशन कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल ने कहा कि खेल शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं और विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय रहना चाहिए। प्रतियोगिता के दौरान पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए विभिन्न खेल विधाओं का आयोजन किया गया। बालक वर्ग के लिए कबड्डी, गोला फेंक एवं 100 मीटर दौड़ तथा बालिका वर्ग हेतु रस्साकसी, तवा फेंक एवं 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। सभी खेल प्रतियोगिताएँ अनुशासन एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन उपनिदेशक, मेरा युवा भारत छत्तीसगढ़ नितिन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक हुआ।

## पेज 11 के शेष

### रेत के अवैध...

स्थल तक नहीं पहुँच पाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की जांच की जा रही है कि इस अवैध उत्खनन में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, तथा यह नेटवर्क कब से सक्रिय था। अवैध रेत उत्खनन केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संतुलन और आम जनता की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। अनियंत्रित रेत खनन से नदियों का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है, भू-क्षरण बढ़ता है और आसपास के गांवों में बाढ़ जैसी स्थितियां उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है।

### अंचल में आम...

समय पर सावधानी नहीं बरती गई, तो बौर झड़ने की समस्या भी हो सकती है। भंडारडिग्गी स्थित उद्यान अधीक्षक संदीप सोरी ने आम की फसल एवं बौर को सुरक्षित रखने के लिए किसानों को तकनीकी जानकारी एवं दवा छिड़काव के उपाय बताए हैं। उन्होंने कहा कि बौर के समय कीट-व्याधि और फफूंद जनित रोगों से बचाव करना आवश्यक है। इसके लिए किसान निम्न मिश्रण का उपयोग कर सकते है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त दवाओं का सही मात्रा में घोल बनाकर छिड़काव करने से बौर गिरने की समस्या में कमी आती है तथा कीट एवं फफूंद से सुरक्षा मिलती है और साथ ही किसानों को यह भी सलाह दी गई कि छिड़काव सुबह या शाम के समय करें, तेज धूप में छिड़काव से बचें तथा आवश्यकता अनुसार कृषि विशेषज्ञों से सलाह लेकर ही दवा का उपयोग करें।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर...

अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि चालक अनिल कुजूर द्वारा ट्रैक्टर को तेज गति व लापरवाही से चलाने के कारण यह दुर्घटना हुई। मामले में पुलिस द्वारा मृतक चालक के कृत्य को धारा 281 एवं 106(1) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज किया गया।

### विद्यार्थियों के लिए...

मोटिवेशनल अभिप्रेरणा कार्यशाला सह परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। जिला परियोजना समन्वयक नवनीत पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभिप्रेरणा कार्यशाला में जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है, ताकि वे बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर प्रेरित हों, सही रणनीति को समझें और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प के साथ बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक के रूप में कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी तथा जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इसमें समय प्रबंधन, अनुशासन, सकारात्मक सोच, लक्ष्य निर्धारण, पढ़ाई की प्रभावी रणनीति तथा मानसिक दृढ़ता जैसे विषयों पर प्रेरक संदेश दिए जाएंगे, जिससे विद्यार्थी परीक्षा को आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें।

### पीएम ग्राम सड़क...

पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र का सघन दौरा कर सड़क निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत उजागर की। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि डामरीकरण कार्य में निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। सड़क निर्माण में अत्यंत निम्न गुणवत्ता की सामग्री का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है, जिससे नई सड़कें कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि अधिकांश निर्माण स्थलों पर विभागीय अधिकारी नदारद रहते हैं, जिसका सीधा फायदा ठेकेदार उठा रहे हैं। आरोप है कि अधिकारियों और ठेकेदारों की कथित साठगांठ से जनता के टैक्स के करोड़ों रुपये बंदरबांट किए जा रहे हैं। ऐसी सड़कें बनाई जा रही हैं, जो कुछ महीनों में ही जवाब दे देंगी, जो क्षेत्र की जनता के साथ सीधा धोखा है।

### परीक्षित मोक्ष की...

ने परीक्षित मोक्ष की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए गुरु की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में गुरु का होना अनिवार्य है, क्योंकि गुरु ही अज्ञान के अंधकार से निकालकर मनुष्य को सही मार्ग दिखाते हैं और भवसागर से पार लगाते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे केंवट के बिना नाव पार नहीं लग सकती, वैसे ही गुरु के बिना जीवन की यात्रा सफल नहीं हो सकती। गुरु और शिष्य का संबंध पारलौकिक होता है। भगवान दत्तात्रेय का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने प्रकृति और समाज के विभिन्न तत्वों को गुरु मानकर उनसे शिक्षा ग्रहण की। इससे यह संदेश मिलता है कि मनुष्य को सदैव विद्यार्थी भाव से जीवन जीना चाहिए। आशुतोष चैतन्य महाराज ने कहा कि राजा परीक्षित जीवात्मा के प्रतीक हैं और हम सभी परीक्षित हैं। जीवन का कोई भी क्षण अंतिम हो सकता है, इसलिए धर्म और कर्म के मार्ग पर चलते हुए चेतना को जागृत रखना आवश्यक है। संसार नश्वर है, केवल प्रभु का नाम ही सत्य है। भोग अज्ञानता का कारण है और अज्ञानता ही दुख का मूल है।

### धनवाफूलचूर में दो...

खानपान सामग्री एवं अन्य सामान उपलब्ध होंगे। आयोजकों ने बताया कि 14 फरवरी को रात्रि 10 बजे से लोक कला मंच नाच पार्टी रंगरसिया जोड़ीदार नाच पार्टी लखनपुरी चारामा द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह है और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

## खबर संक्षेप

### देवांगन समाज के भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**गीदम।** नगर पंचायत गीदम के वार्ड क्रमांक 6 में देवांगन समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन हुआ। गौरतलब है कि देवांगन समाज के सामुदायिक भवन के निर्माण की राशि 1566000 रूपए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साहू के द्वारा प्रदान की गई है। इसमें वार्ड पार्षद विनोद साहू का सहयोग रहा है। देवांगन समाज का सामुदायिक भवन बनने जा रहा है। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष ओम देवांगन, नोहार देवांगन, योगेश्वरी देवांगन, उषा देवांगन, विनोद देवांगन, गोपाल देवांगन, अजय देवांगन, जीतू देवांगन, शशि देवांगन, सद्भावना देवांगन के साथ वार्ड के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शैक्षणिक भ्रमण पर विद्यार्थियों को किया गया रवाना



**लोहंडीगुड़ा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लोहंडीगुड़ा के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु जिला नारायणपुर के लिए जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों के वाहन को रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है, जिससे उनका बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर भ्रमण का अधिकतम लाभ लेने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति पर हुआ शिविर



**दंतेवाड़ा।** मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति तथा जीवन कौशल पर व्याख्यान शासकीय अरविंद महाविद्यालय किरंदुल एनएसएस इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने मनोवैज्ञानिक पहलू पर जोर देते हुए अपने व्याख्यान में छात्र-छात्राओं को जीवन कौशल और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने हेतु जोर देते हुए बताया कि सामाजिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना सर्वाधिक जरूरी है।

# बस्तर पंडुम में दंतेवाड़ा का डंका, 12 में से 3 विधाओं में प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

गत दिवस जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम 2026 में दंतेवाड़ा जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 विधाओं में से 3 विधाओं में प्रथम पुरस्कार हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विजेता कलाकारों और दलों को 50-50 हजार रुपये के चेक एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अनुसार जनजातीय नृत्य विधा में गौर माड़िया नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बुधराम सोढ़ी, जिला दंतेवाड़ा, एवं वहीं जनजातीय व्यंजन विधा में ताराबती जिला दंतेवाड़ा तथा, जनजातीय गीत विधा में ग्राम पालनार के गायन दल की मगली और उनकी साथियों को पहला स्थान मिला।



दंतेवाड़ा के कलाकारों ने जनजातीय गीत, नृत्य और व्यंजन जैसी विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में नृत्य, गीत, साहित्य, व्यंजन, पेय पदार्थ, औषधि, वेशभूषा-आभूषण, चित्रकला, वाद्ययंत्र एवं नाटक सहित कुल 12 विधाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। ज्ञात हो कि द्वितीय पुरस्कार के रूप में 30-30 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 20-20 हजार रुपये के चेक के अलावा बस्तर पंडुम 2026 में भाग लेने वाले शेष 48 प्रतिभागी दलों को प्रोत्साहन स्वरूप 10-10 हजार रुपये के चेक देकर सम्मानित किया गया।

### 191 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

# सरकारी शादी में नक्सली युगल ने लिए 7 फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आज माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर स्थित मेंढक डोबरा मैदान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां दंतेश्वरी को साक्षी मानकर 48 कुंडों में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ 191 जोड़े नव दांपत्य जीवन में बंधे। मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ऑनलाइन, वर्चुअल रूप से कार्यक्रम से जुड़े।



- विधायक ने दी नव विवाहितों के सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं

उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को नव जीवन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके सुखमय, समृद्ध और खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह में विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी ने भी नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराए गए, जिससे आदिवासी संस्कृति, सामाजिक समरसता और सामूहिक सहभागिता की सुंदर झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य शासन ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना प्रारंभ करके नवदंपत्तियों के लिए अभिभावकों जैसी भूमिका निभाई है। उन्होंने नव विवाहित युगलों से एक अच्छी बहु और अच्छा पति बनने का आग्रह करते हुए कहा कि परिवार को एक रखते हुए वरिष्ठ सदस्यों का ख्याल रखें। साथ ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम ने कहा कि आपकी खुशियों की इस घड़ी में शामिल होकर हमें गहरी खुशी हुई है। जीवन की हर महत्वपूर्ण घड़ी में राज्य शासन की योजनाएं आपका सहयोग करेंगी।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास अधिकारी वरुण नागेश ने बताया कि इस वर्ष मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कुल 191 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। शासन की ओर से प्रति जोड़े 35 हजार रुपये की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से वर-वधु के खातों में अंतरित की गई। वहीं, प्रत्येक जोड़े के लिए 15 हजार रुपये की राशि आयोजन एवं साज-सज्जा पर व्यय की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता,जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। यहां कन्या विवाह दुबे आचार्य के पंडितों द्वारा कराया गया। उल्लेखनीय है कि आयोजित हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह में आत्मसमर्पित नक्सली युगल हिड़में और बामन ने भी सात फेरे लेकर समाज के मुख्यधारा से स्वयं को जोड़ा। इसके अलावा इस विवाह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमित्रा वेको और पोंदुम के सरपंच ने भी अपना विवाह रचाया।

#### मांई की कृपा आपके जीवन को सही दिशा देगाः अटामी

नव दंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि माँ दंतेश्वरी के पावन प्रांगण में आयोजित यह मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह हमारे समाज की एक सुंदर और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। आज यहाँ 191 नवदंपति नए जीवन की शुरुआत कर रहे हैं, यह हम सभी के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। इस पवित्र स्थान पर विवाह होना स्वयं में सौभाग्य की बात है, क्योंकि मां दंतेश्वरी की कृपा और हमारे बुजुर्गों का आशीर्वाद आपके जीवन को सही दिशा देगा। उन्होंने आगे कहा कि जैसे आप सभी ने अब तक अपने मां-बाप की सेवा और सम्मान किया है, उसी तरह अब अपने सास-ससुर को भी अपने माता-पिता समान मानकर उनकी सेवा करनी है। इसके अलावा ही वर को भी चाहिए कि वह अपनी वधु का सम्मान पूर्वक पालन-पोषण करे, उसकी भावनाओं का आदर करे और जीवन के हर मोड़ पर उसका साथ निभाए। पति-पत्नी एक-दूसरे के पूरक हैं, आपसी प्रेम, विश्वास और सहयोग से ही दांपत्य जीवन सुखमय बनता है। इसके साथ ही उन्होंने सभी के दांपत्य जीवन सुख, शांति और समृद्धि से भरे जीवन की कामना की।

# भूमकाल विद्रोह 1910 के नायकों को दी गई श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बस्तर के महान भूमकाल विद्रोह 1910 के वीर नायकों की स्मृति में मूसालूर चौक धनोरा स्थित वीर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों एवं ग्रामीण जनों ने वीर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके संघर्ष और त्याग को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.30 बजे पारंपरिक देव और माटी पुजारियों द्वारा सेवा अर्जी के साथ हुई। इसके पश्चात समाज प्रमुखों द्वारा शहीदों की स्मृति में वीर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा पर महुआ फूल अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भूमकाल विद्रोह के वीर शहीदों की ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने बस्तर के जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने तथा आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को कायम रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। समाज प्रमुखों ने कहा कि भूमकाल विद्रोह बस्तर के आदिवासी समाज के आत्मसम्मान और अधिकारों की रक्षा का प्रतीक रहा है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना आवश्यक है। कार्यक्रम में श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से वीर शहीदों के आदर्शों को याद कर समाज में एकजुटता और जागरूकता का संदेश दिया गया।

# दंतेवाड़ा के पहलवान सेलम में दिखाएंगे दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ राज्य कुश्ती संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में धमतरी जिला कुश्ती संघ द्वारा धमतरी के इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय कुश्ती चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के कुल 13 जिलों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा, रायपुर, धमतरी, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, कांकेर, कोंडागांव, रायगढ़, अंबिकापुर, राजनांदगांव, महासमुंद, जांजगीर-चांपा एवं मुंगेली जिलों के पहलवानों ने सहभागिता की। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा जिले के एकलव्य खेल परिसर, जावंगा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा एकलव्य खेल परिसर जावंगा की संयुक्त मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम है।

गौरतलब है कि दंतेवाड़ा जिले के ये खिलाड़ी दूर-दराज़ एवं अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों से आकर नियमित अभ्यास करते हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद इन बच्चों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है।

# विवाह में महिलाओं ने लगाए ठुमके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रदेशभर में एक साथ 6414 जोड़ों के विवाह का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इसी कड़ी में बीजापुर जिले में 305 जोड़े पारंपरिक एवं सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधे। यह भव्य आयोजन मिनी स्टेडियम बीजापुर में गाजे-बाजे, आतिशबाजी और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुआ, जहां जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी बाराती बनकर आयोजन में शामिल हुए।

बीजापुर जिले में संपन्न विवाहों में 155 जोड़ों का आदिवासी रीति-रिवाज तथा 133 जोड़ों का हिंदू रीति-रिवाज तथा शेष इसाई रीति-रिवाज से विधिवत संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान सामाजिक समरसता,

- प्रदेशभर में 6414 जोड़े बने जीवनसाथी

भाईचारे और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन पूरे प्रदेश के लिए गर्व और खुशी का विषय है, जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में विवाह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। उन्होंने कहा कि पूर्व में गरीब और ग्रामीण परिवारों के लिए बेटी की शादी एक बड़ी आर्थिक चिंता हुआ करती थी, जिसके लिए कर्ज लेना या संपत्ति बेचनी पड़ती थी।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आमजन की भावनाओं को समझते हुए मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना की शुरुआत की, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि योजना की शुरुआत में जहां प्रति जोड़े 5 हजार रुपये की सहायता दी जाती थी, वहीं रजत जयंती वर्ष 2025 में यह बढ़कर 50 हजार रुपये हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान सभी नवदंपत्तियों को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया, ताकि वे अपने नए जीवन की शुरुआत आत्मसम्मान के साथ कर सकें। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैय्या, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज कुजूर, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा तेलम, कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कांता मशराम सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, वर-वधु के परिजन एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

यह सामूहिक विवाह आयोजन सामाजिक समरसता, सरकारी संवेदनशीलता और गरीब परिवारों के सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया।

#### दो वर्षों में अधिकांश वादों को धरातल पर उतार दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने केवल दो वर्षों के कार्यकाल में मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को धरातल पर उतार दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसानों के बकाया बोनस का भुगतान, महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक विवाहित महिलाओं को मासिक सहायता, तेंदूपत्ता संग्रहण दर में वृद्धि, रामलला दर्शन योजना, तीर्थ दर्शन योजना तथा भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता जैसे अनेक जनहितकारी निर्णय लिए गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का भी शुभारंभ किया, जिसकी शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के 8 जिलों से की गई है। इनमें बीजापुर जिला भी शामिल है।

# जनजातीय अनुसंधान पार्क की स्थापना पर आईआईटी भिलाई व प्रशासन के बीच एमओयू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई के निदेशक राजीव प्रकाश ने विगत दिवस जिला कार्यालय में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान दंतेवाड़ा में जनजातीय अनुसंधान पार्क की स्थापना हेतु दोनों पक्षों के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। प्रस्तावित जनजातीय अनुसंधान पार्क के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध जनजातीय विरासत, पारंपरिक ज्ञान, कला-कौशल एवं आजीविका के साधनों का संरक्षण, प्रलेखन एवं संस्थागत विकास किया जाएगा। यह पहल स्थानीय समुदायों को शोध, नवाचार और प्रशिक्षण से जोड़ते हुए सतत विकास की दिशा में सहायक सिद्ध होगी।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि यह एमओयू जिले के जनजातीय समाज की संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान और आजीविका को संरक्षित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे स्थानीय युवाओं को शोध, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा दंतेवाड़ा की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त होगी। अपने प्रवास के दौरान आईआईटी भिलाई के निदेशक ने कुम्हारराास माटी कला केंद्र, कुम्हारराास डैम पॉटरी ग्राम, गामावाड़ा स्थित मेमोरी पिलर तथा पावन मां दंतेश्वरी मंदिर का भी अवलोकन किया।

# विकलांग सर्टिफिकेट के सहारे नौकरी करने वाले कर्मचारियों की शिकायत



**जगदलपुर।** आरटीआई एक्टिविस्ट श्रीनिवास पाल ने लिखित शिकायत मुख्यमंत्री, सचिव स्वास्थ्य मंत्रालय, कमिश्नर तथा कलेक्टर को 4 फरवरी को लिखित शिकायत की है। जिसमें फर्जी तरीके से विकलांग प्रमाण पत्र से नौकरी करने वाले को बर्खास्त करने जांच की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि 2 साल पहले नामजद शिकायत पर तत्कालीन कमिश्नर और कलेक्टर ने कार्यवाई के लिए स्वास्थ्य एवं अन्य विभाग के प्रमुख को निर्देशित किया था। लेकिन उच्च अधिकारियों के आदेश का पालन न करते हुए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसमें स्वास्थ विभाग के एक लिपिक की भूमिका संदिग्ध है। बताया जा रहा है कि विकलांग सर्टिफिकेट बनाने में इस लिपिक की सांठगांठ से कई अपात्र लोग नौकरी कर रहे हैं। पाल ने एक सप्ताह पहले पुनः शिकायत कर जांच की मांग की। जिसमें अपात्रों के नाम का उल्लेख है।

# शौर्य को मिला सम्मान




शहीदों के परिवार को भेंट किया स्मृति चिह्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

करनपुर स्थित कोबरा कॉम्पलेक्स में वीर शहीदों को सलामी दी गई। वर्ष 2020 में बीजापुर के पामेड़ क्षेत्र के इरापल्ली जंगल में माओवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में वीरता से लड़ते हुए 204 कोबरा बटालियन के तीन वीर हवलदार अजीत सिंह, सिपाही विकाश कुमार और सिपाही पूर्णानंद साहू शहीद हुए थे। देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा करते हुए इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के प्रयासों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों की याद में उनके छठे बलिदान दिवस पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया जिसमें 204 कोबरा के जवानों एवं अधिकारियों द्वारा पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजली दी गई। इस बलिदान दिवस पर वीर शहीदों के घर पर भी जाकर अधिकारियों एवं जवानों द्वारा उनके परिवारजनों को सम्मान दिया गया व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। 204 कोबरा कमाण्डेंट संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि इन जैसे असंख्य वीरों की शहादत की वजह से ही यह संभव हो पाया है कि आज देश से माओवाद अपनी आखिरी साँस ले रहा है और बस्तर जैसे क्षेत्र शांति और विकास के मार्ग पर अग्रसर है। साथ ही साथ उन्होने यह भी बताया कि तीनों वीर शहीदों को गणतंत्र दिवस 2022 में उनके अदम्य साहस और वीरता के लिए राष्ट्रपति द्वारा मरणोपरांत शौर्य चक से सम्मानित किया गया है।

### वीबी जी राम जी योजना से गांव-गांव पहुंचेगा रोजगार

**दंतेवाड़ा।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत जी राम जी के अंतर्गत जिला के ग्राम पंचायतों में प्रतिमाह 7 तारीख को रोजगार दिवस, चावल उत्सव एवं आवास दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण जनों एवं जनप्रतिनिधियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। पूर्व में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 100 दिवस का रोजगार दिया जाता था, जिसे अब परिवर्तित कर विकसित भारत-जी राम जी योजना के तहत 125 दिवस का रोजगार सुनिश्चित किया गया है।



## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने दी 2 लाख की बीमा राशि



**भानुप्रतापपुर।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत ग्राम कुल्हाडकट्टा निवासी शिव लाल नुरुटी को 2 लाख रुपएं की बीमा राशि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रदान की गई। एसबीआई कियोस्क संचालक राजेश ठाकुर ने बताया कि मई 2025 से शोम बती नूरूटी का जीवन बीमा चल रहा था। सितंबर 2025 में बीमारी की वजह से उनकी मौत हो गई। शासन की इस बीमा योजना के तहत पति शिवलाल नूरूटी को 2 लाख रुपएं का भुगतान सीधे उनके खाते में किया गया।

### जारी हुई कोरोना वॉरियर्स की सत्यापित सूची

**जगदलपुर।** कोरोना काल के संकट मोचकों को उनके समर्पण का समुचित अवसर देने की दिशा में राज्य सरकार ने एक निर्णायक कदम उठाया है। इस महत्वपूर्ण फैसले के तहत उन हजारों अभ्यर्थियों के अनुभव प्रमाण पत्रों की सत्यापित सूची सार्वजनिक कर दी गई है, जिन्होंने महामारी के कठिन दौर में छह माह से अधिक का समय अस्पतालों में निरंतर सेवा देते हुए व्यतीत किया था। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा जारी इस ताजा अपडेट के बाद अब भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ अपने अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है। विभागीय जानकारी के अनुसार संभाग स्तरीय समितियों द्वारा 30 जनवरी से 8 फरवरी के बीच किए गए गहन भौतिक सत्यापन के परिणामों को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है।

### गंभीर पेट संक्रमण से जूझ रही महिला को मिला नया जीवन

**बीजापुर।** जिला चिकित्सालय बीजापुर में चिकित्सकों की तत्परता और विशेषज्ञ उपचार से एक 35 वर्षीय महिला की जान बचाई गई। 31 जनवरी को बीजापुर निवासी पार्वती को पेट में तीव्र दर्द की शिकायत के साथ जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। भर्ती के तुरंत बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा त्वरित परीक्षण एवं आवश्यक जांच की गई। एक्स-रे जांच में पेट में छेद होने की पुष्टि हुई, जिसे चिकित्सकीय भाषा में परफोरेशन पेरिटोनाइटिस कहा जाता है। यह एक अत्यंत गंभीर और आपातकालीन स्थिति होती है, जिसमें आमाशय की दीवार में छेद होने से संक्रमण पेट की गुहा में फैल सकता है और मरीज की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। मरीज की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने बिना विलंब आपातकालीन शल्यक्रिया का निर्णय लिया। ऑपरेशन थियेटर में डॉ. नरोत्तम एनेस्थेटिस्ट द्वारा सुरक्षित एनेस्थीसिया दिया गया। इसके पश्चात डॉ. विजयलक्ष्मी कोसमा एवं डॉ. रवि मढ़रिया के नेतृत्व में अनुभवी सर्जिकल टीम ने शल्यक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

### 16 एवं 17 फरवरी को लगेगा रोजगार मेला

**बीजापुर।** युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 16 एवं 17 फरवरी को लाइवलीहुड कॉलेज आड़ावाल जगदलपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

**कार्यक्रम : मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे 251 जोड़े**

# सामूहिक कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बनी संबल : विधायक आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत गोविंदपुर खेल मैदान में 10 फरवरी को सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें 251 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने नव-दम्पतियों को उनके सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक सशक्त सहारा बनकर उभरी है। यह योजना न केवल गरीब और जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक चिंता को कम करती है, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और बेटियों के सम्मान को भी मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में विवाह जैसे सामाजिक संस्कार का निर्वहन करना कई परिवारों के लिए कठिन हो जाता है, ऐसे में सामूहिक कन्या विवाह योजना उनके लिए संबल का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि समूह में एक साथ विवाह संपन्न होने से न केवल खर्च में कमी आती है, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता की भावना भी मजबूत होती है। बाजे-गाजे और खुशी भरे माहौल में हो रहा यह आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देता है कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि सम्मान और गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज की कुरीतियों को दूर करने और सादगीपूर्ण जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी बेटी केवल आर्थिक अभाव के कारण अपने विवाह को लेकर चिंतित न रहे। इस योजना के माध्यम से सरकार गरीब परिवारों के साथ खड़ी है और उनके सुख-दुख में सहभागी बन रही है। विधायक ने आयोजन से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है। अंत में विधायक आशाराम नेताम ने सभी नवविवाहित वर-वधुओं को सुखी, समृद्ध और खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### राज्य सरकार की यह महती योजना

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सामूहिक कन्या विवाह में शामिल घराती-बराती का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह महती योजना है। राज्य सरकार द्वारा सामूहिक कन्या विवाह के लिए 35 हजार रूपए की मदद कन्या के उपहार सामग्री के लिए दी जाती है, जो वधु के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से जमा की जाती है। इसके अलावा 01 हजार रूपए परिवहन व्यय के लिए दिए जा रहे हैं। इस प्रकार 36 हजार रूपए की सहायता राशि सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। उन्होंने नव-दम्पत्तियों को सुखी वैवाहिक जीवन अपनी शुभकामनाएं दी।

### 251 जोड़ो का हुआ विवाह

महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह में 251 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज के साथ विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया। इनमें कांकेर परियोजना के 43 वर-वधु, चारामा परियोजना के 30, नरहरपुर के 30, भानुप्रतापपुर के 30, अंतागढ़ के 38, दुर्गूकांदल के 29, कोयलीबेड़ा के 20 और पखांजूर परियोजना 31 वर-वधु शामिल हैं।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष तारूणी ठाकुर, सतीश लाटिया, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा सहित नव दम्पत्तियों के परिजन, जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में अज्ञात व्यक्ति की मौत, नहीं हो सकी पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर गोविदपुर के पास मंगलवार की सुबह लगभग 4 बजे के आसपास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची कांकेर पुलिस ने घायल अवस्था में व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच आंकी जा रही है, हालांकि अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है,



जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। शव को पोस्टमार्टम के बाद मर्चुरी में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक का पता लगाया जा सके। कांकेर पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के संबंध में कोई भी जानकारी हो, या किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना हो, तो वे सीधे कांकेर पुलिस से संपर्क करें। समय रहते पहचान होने पर शव परिजनों को सौंपा जा सकेगा।

## सांस्कृतिक भवन अमोडा में हुआ छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक भवन अमोडा में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर ग्राम अमोडा सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कांन्ती पटेल ने छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित नागरिकों को दी। अतिथियों ने अपने छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता की सराहना करते हुए कहा कि रजत जयंती महोत्सव जैसे आयोजन नई पीढ़ी को राज्य के इतिहास और उपलब्धियों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने ग्राम स्तर पर विकास कार्यों में जनभागीदारी की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों एवं प्रेरणादायी विचारों ने उपस्थित जनसमूह को उत्साहित किया। नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम में सरपंच हजारोबाई गोटा, उपसरपंच लेखराम साहू, सरपंच प्रशांत भास्कर, संदीप कुंजाम, आरएस प्रेमी, गंगा मरकाम तथा दिपेश्वरी मरकाम उपस्थित रहे।

## दोड़दे खुटगांव प्रो कबड्डी सीजन 6 के पुरुष वर्ग में कांकेर व महिला वर्ग में कोरर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम दोड़दे खुटगांव में नव युवक ग्रामीण समिति के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय महिला पुरुष डे नाईट प्रो कबड्डी प्रतियोगिता सीजन 06 का समापन 8 फरवरी रविवार दोपहर 3 बजे भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन 7 फरवरी शनिवार से प्रारंभ हुआ था, जिसमें क्षेत्र की अनेक टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग कबड्डी में कुल 30 टीमों तथा महिला वर्ग कबड्डी में 15 टीमों ने हिस्सा लिया और इसके साथ ही पुरुष वर्ग वॉलीबाल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। दो दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं उत्साह के साथ मुकाबले खेले, जिससे ग्रामीण खेल प्रतिभा को बेहतरीन मंच मिला। परिणाम में पुरुष वर्ग कबड्डी प्रथम कांकेर, द्वितीय मंडागांव, तृतीय खुटगांव, चतुर्थ ईरागांव। महिला वर्ग कबड्डी में प्रथम कोरर, द्वितीय नवगांव, तृतीय दुर्गुकोंदल, चतुर्थ दोड़दे। पुरुष वर्ग वॉलीबाल में प्रथम डांगरा, द्वितीय नेवारी रहा। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा नगद राशि, ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया और साथ ही महिला एवं पुरुष वर्ग में विशेष पुरस्कार भी दिए गए, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और अधिक बढ़ा। मुख्य अतिथि सुभाष सिंह ने कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती है। उन्होंने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता मेहनत और निरंतर अभ्यास से मिलती है। वहीं असफल खिलाड़ियों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उन्हें और अधिक मेहनत कर अगली प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। अन्य अतिथियों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। उन्होंने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर कराने की बात कही।

### ये रहे उपस्थित

*समापन समारोह में में सरपंच मुकेश नरेटी, नोहरू राम तुलावी, राम दयाल तुलावी, सियालाल तुलावी, राजेन्द्र महतो, रामनन्दन सिंह, अमित कुमार पाण्डे, महेश कुमार दास, सीडी राय, संदीप यादव, दीपेश चोपड़ा, दया तुलावी, शिवचरण सिन्हा, कुमार नवनीत, पियांशु सिंह, श्यामलाल शर्मा, विपिन बाजपाई, नंदलाल कुलदीप, विनीत सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।*

## दुधावा में हुआ विद्युत विभाग का रजत उत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सीएस पीडीसीएल विद्युत विभाग द्वारा रजत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्राम दुधावा में किया गया। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीण उपभोक्ताओं से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना और समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवाओं के प्रति जागरूक करना और विभाग व उपभोक्ताओं के बीच आपसी विश्वास को और मजबूत करना रहा। आयोजित कार्यक्रम में सहायक अभियंता आरएस प्रेमी, कनिष्ठ अभियंता गंगा मरकाम, तथा कनिष्ठ अभियंता दीपेश्वरी मरकाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्युत विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि विभाग उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे वह बिजली बिल से जुड़ी समस्या हो, मीटर संबंधी परेशानी हो या लाइन और आपूर्ति से जुड़ा कोई अन्य विषय, सभी मुद्दों को गंभीरता से लिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कई उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन पर अधिकारियों ने मौके पर ही चर्चा कर समाधान की जानकारी दी। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को यह भी बताया कि वे अपनी शिकायतें विभागीय कार्यालय, वितरण केंद्र या निर्धारित हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल भुगतान करने, बिजली का सुरक्षित और सही उपयोग करने तथा किसी भी तकनीकी समस्या की तुरंत जानकारी विभाग को देने की अपील की।



**विधायक ने क्रिकेट स्पर्धा के समापन में की घोषणा**

## हुलघाट में रंगमंच निर्माण और शहीद गैंदसिंह की मूर्ति स्थापना को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

भूमकाल दिवस के अवसर पर विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम हुलघाट में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी मुख्य रूप से शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों एवं क्रिकेट प्रेमियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना से आगे बढ़ने का संदेश दिया।

समापन समारोह के दौरान ग्रामवासियों द्वारा की गई मांग पर विधायक सावित्री मंडावी ने रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए की एवं साथ ही शहीद गैंदसिंह की मूर्ति स्थापना के लिए 5 लाख रुपए की स्वीकृति देने की घोषणा की। विधायक की इस घोषणा से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। ग्रामीणों ने विधायक को गांव की एक महत्वपूर्ण समस्या से भी अवगत कराया। ग्रामीणों के निवेदन पर विधायक ने उस नदी का निरीक्षण किया जहां अब तक पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पुल नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन में भारी परेशानी होती है तथा विद्यार्थियों, मरीजों एवं ग्रामीणों को दैनिक कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस पर विधायक ने संबंधित विभाग से चर्चा कर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सरपंच मनेसिंग सलाम, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, धनेश नरेटी, हुमन मरकाम, धनसाय हुर्रा, हिरोतीन दर्रो, मानसाय आंचला, बीरूराम आंचला, लादूराम गोटा, दुर्जन आंचला, शिवप्रसाद हुपेंडी, नरसू सलाम, कमला वड्डे, हीरालाल कोमरा, सुखचंद प्रजापति, राजेश गोटा, बोधन साहू, रूपोतीन आंचला सहित ग्रामवासी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।



### खराब अग्निशमन यंत्र के साथ चल रहीं यात्री बसें परिवहन विभाग कर रहा जांच

**जगदलपुर।** यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की जा रही है, जिसका सीधा असर यात्रियों की सुरक्षा पर पड़ रहा है। कई बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं है, जिससे बसों में अग्नि सुरक्षा को लेकर कोई एकरूपता या सख्त निगरानी नहीं है। परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं उड़नदस्ता टीम के साथ एसी स्लीपर और अन्य यात्री बसों में ड्राइवरों, कंडक्टरों और यात्रियों को दुर्घटना और आगजनी की स्थिति में सुरक्षित निकासी के लिए जानकारी दी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बासनवाही में हायरसेकंडरी स्कूल भवन व चिकित्सालय अहाता निर्माण की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। बासनवाही हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अहाता चारदीवारी निर्माण की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण विधायक कार्यालय पहुंचे और जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि बासनवाही हायर सेकेंडरी स्कूल लंबे समय से भवन के अभाव में संचालित हो रहा है। मूलभूत सुविधाएं न होने के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे ग्रामीण अंचल के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में शिक्षा सर्वोपरि के अपने संकल्प को धरातल पर उतारना चाहती है, तो सबसे पहले स्कूल भवन जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देनी होगी। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा बासनवाही गांव में स्वीकृत टीन शेड के भूमिपूजन एवं स्वागत कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र भी जनप्रतिनिधियों को सौंपा गया। ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बासनवाही की स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय परिसर में आहता चारदीवारी नहीं होने के कारण मरीजों, महिलाओं और बच्चों को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही सीमित हैं, ऐसे में अव्यवस्था ने हालात को और गंभीर बना दिया है। आहता निर्माण की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। कार्यालय में विधायक आशाराम नेताम, जनपद सदस्य पवन नेताम, भुवन भारती, पूर्व जनपद सदस्य संदीप द्विवेदी, वार्ड पंच रतन नेताम, जलसिंग नेताम, बालकराम निषाद, गणेश मानिकपुरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा जताई कि वे केवल आश्वासन तक सीमित न रहें, बल्कि बासनवाही हायर सेकेंडरी स्कूल भवन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आहता निर्माण को प्राथमिकता में लेकर शीघ्र स्वीकृति एवं बजट जारी कराने की पहल करें, ताकि क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा और नागरिकों को सुरक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।



